देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 13.03.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- देहरादून में राजपुर रोड़ पर तेज रफ्तार कार से टक्कर में चार लोगों की मृत्यु।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऋषिकेश–भानियावाला सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत तीन हजार से अधिक पेड़ों की कटान पर रोक लगाई।
- देश में फरवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर सात महीने के न्यूनतम स्तर तीन दशमलव छह–एक प्रतिशत पर आई।
- चमोली जिला प्रशासन ने थराली नगर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पिंडर नदी में चैनलाइजेशन का काम शुरू किया।

<u>सड़क दुर्घटना</u>

देहरादून में राजपुर रोड पर कल रात साईं मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को टक्कर मार दी, जिसमें 4 लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में दो लोग घायल भी हुये हैं। कार चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी की मदद से कार की तलाश कर रही है।

<u>पेड़ कटान पर रोक</u>

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऋषिकेश–भानियावाला सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत प्रस्तावित तीन हजार तीन सौ पेड़ों के कटान पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह रोक लगाई है।

याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि यह सड़क एलीफेंट कॉरिडोर से होकर गुजरती है। गौरतलब है कि पूर्व में भी उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद शिवालिक एलीफेंट रिजर्व को संरक्षित किया गया था। उन्होंने पेड़ों के कटान को हाथियों के प्राकृतिक आवास के लिए खतरा बताया।

<u>वनाग्नि की रोकथाम</u>

वनाग्नि नियंत्रण और मानव जीव संघर्ष न्यूनीकरण के उद्देश्य से टिहरी वन प्रभाग के अंतर्गत लंबगांव रेंज में कार्य शाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में टिहरी वन प्रभाग की उप प्रभागीय वनाधिकारी रश्मि ध्यानी ने ग्रामीणों को वनाग्नि से हो रहे नुकसान उसके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उप प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि जंगलों में आग लगाते हुए पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने ग्रामीणों से वनाग्नि और मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री सूर्य घर

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और सौर ऊर्जा योजनाओं के प्रति आम जनता को जागरूक करने के लिए रुद्रप्रयाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उरेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी राहुल पंत ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सौर ऊर्जा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार, प्रदेश में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना चला रही है। इस योजना के तहत इच्छुक व्यक्तियों को सोलर प्लांट लगाने के लिए आर्थिक सहायता और सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत भी सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि सौर ऊर्जा से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

मुद्रास्फीति

देश में फरवरी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर सात महीने के न्यूनतम स्तर तीन दशमलव छह–एक प्रतिशत पर आ गई। जनवरी में यह दर चार दशमलव तीन–एक प्रतिशत दर्ज हुई थी। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों के दाम घटने से यह गिरावट आई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकडों के अनुसार जनवरी में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति दर छह दशमलव शून्य दो प्रतिशत थी जो फरवरी में घटकर तीन दशमलव सात–पांच प्रतिशत पर आ गई।

पिंडर नदी चैनलाइज

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चमोली जिला प्रशासन ने थराली नगर की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पिंडर नदी में चैनलाइजेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। यह कदम पिछली बरसात के दौरान थराली क्षेत्र में आई आपदा के बाद उठाया गया है, जब बादल फटने से पिंडर नदी में भारी मलबा आ गया था। इसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया था, जिससे थराली के सरस्वती विद्या मंदिर, मुख्य बाजार और रामलीला ग्राउंड जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को खतरा उत्पन्न हो गया था।

इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, ताकि भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटा जा सके। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा–निर्देशों के तहत मानसून से पहले बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नदी की सफाई का काम शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि थराली में भी नदी की चैनलाइजेशन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है, ताकि स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

होली

उत्तराखंड में इन दिनों होली की धूम है। चम्पावत जिले में महिलाओं व पुरुषों की टीम ढोल कि थाप पर विभिन्न राग फागों में होली का गायन कर रहे हैं। जिले के टनकपुर, बनबसा, लोहाघाट, बाराकोट, सुई, फोर्ति, गोशनी, अस्सी पट्टी सहित विभिन्न स्थानों में काली कुमाऊं की खड़ी होली की धूम है। खेतीखान होली समिति के अध्यक्ष गोपाल मनराल ने बताया कि काली कुमाऊँ होली का प्रचलन चंद राजाओं से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह होली एक–दूसरे से जुड़ने की संस्कृति है, जो पूस माह के पहले रविवार से शुरू हो जाती है।

होली की बधाई

उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा के सरकारी आवास पर आयोजित पारंपरिक होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली पर्व प्रेम, सौहार्द और आपसी एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह सामाजिक मेलजोल को प्रगाढ़ करने और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। यह पर्व हमें आपसी भेदभाव भुलाकर एकता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है।

टिम्मरसैंण यात्रा

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने टिम्मरसैंण यात्रा तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय अधिकारियों का एक दल मार्च के अन्तिम सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में टिम्मरसैंण दर्शन को जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बीआरओ को सड़क को दुरस्त करने और जीएमवीएन को पैदल मार्ग पर रेलिंग करने के निर्देश दिए। मन्दिर समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि टिम्मरसैंण में अमरनाथ की तरह प्राकृतिक स्वरूप में शिवलिंग की आकृति बनती है, जो अप्रैल तक रहती है। उन्होंने बताया कि 1962 से पहले यहीं से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की जाती थी।

कुमाऊं मंडलायुक्त

कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने उधमसिंहनगर में जिलाधिकारी कार्यालय स्थित अपर जिलाधिकारी (वित्त और राजस्व) न्यायालय और रिकॉर्ड रूम के नकल सेक्शन का निरीक्षण किया। इससे पूर्व मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 79 लाख रुपए की लागत से बनाये जा रही पार्किंग का भूमि पूजन किया। इस पार्किंग में 160 चौपहिया वाहन और 50 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की जा सकेगी।

यूसीसी

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिले के सभी कर्मचारियों को यूसीसी के नियमों के तहत विवाह पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण करवाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिस विभाग की ओर से इसमें देरी या लापरवाही की जाएगी, उनके कार्यालय अध्यक्षों का मार्च का वेतन रोक दिया जाएगा।